# मथुरा पुलिस

UTTAR PRADESH 112 EMERGENCY

**दिनांक 17.07.2025** **प्रेस नोट** **थाना- मगोर्रा**

## थाना मगोर्रा पुलिस ने लूटपाट करने वाले 02 अभियुक्तगण को जनता के सहयोग से किया गिरफ्तार, कब्जे से लूटे हुए 01 लाख 70 हजार रूपये बरामद।

थाना मगोर्रा पुलिस टीम द्वारा जनता के व्यक्तियों के सहयोग से लूटपाट करने वाले 02 अभियुक्तगण क्रमशः (1) योगेश पुत्र मोहन सिंह निवासी मनोहरपुर थाना महावन जिला मथुरा को दिनांक 16.07.2025 समय करीब 23.30 बजे थाना हाजा क्षेत्रान्तर्गत सौंख मगोर्रा रोड नगला हमला से करीब 200 मीटर पहले से एवं (2) अभियुक्त भूरा पुत्र निहाल सिंह निवासी ग्राम लठाकुरी थाना मगोर्रा जिला मथुरा को दिनांक 17.07.2025 समय करीब 01.10 बजे, थाना हाजा क्षेत्रान्तर्गत कमलपुरा नगला धाम के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त योगेश उपरोक्त के कब्जे से लूटे हुए 01 लाख 70 हजार रूपये बरामद किये गये। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

**घटना का संक्षिप्त विवरणः-** वादी दिगम्बर सिंह पुत्र महाराज सिंह निवासी ग्राम नगला रतु थाना मगोर्रा जनपद मथुरा अपने परिचित से 01 लाख 70 हजार रूपये उधार लेकर स्टेट बैंक मगोर्रा से बैग में रखकर अपनी मोटरसाईकिल से सौंख की तरफ जा रहा था तभी रास्ते में एक मोटर साईकिल पर सवार दो व्यक्ति पीछे से आकर वादी से उसका बैग लूटकर भागे, जिस पर भागे हुए लुटेरों में से एक लुटेरे को जनता के सहयोग से पकड लिया गया, जबकि एक लुटेरा भागने में सफल रहा। पकडे गये लुटेरे से लूटे गये 01 लाख 70 हजार रूपये बरामद किये गये तथा स्थानीय पुलिस टीम द्वारा दूसरे लूटेरे की तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में जनता के व्यक्तियों के सहयोग से दूसरे लुटेरे भूरा उपरोक्त को भी कमलपुरा नगला धाम के पास से पकडा गया। अभियुक्तगण के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण नाम व पताः-**

1.योगेश पुत्र मोहन सिंह निवासी मनोहरपुर थाना महावन जिला मथुरा उम्र करीब 28 वर्ष।

2.भूरा पुत्र निहाल सिंह निवासी ग्राम लठाकुरी थाना मगोर्रा जिला मथुरा उम्र करीब 32 वर्ष।

**गिरफ्तार अभियुक्त योगेश पुत्र मोहन सिंह उपरोक्त की गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समयः-**
स्थान- थाना मगोर्रा क्षेत्रान्तर्गत सौंख मगोर्रा रोड नगला हमला से करीब 200 मीटर पहले से, दिनांक 16.07.2025 व समय करीब 23.30 बजे।

**गिरफ्तार अभियुक्त भूरा पुत्र निहाल सिंह उपरोक्त की गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समयः-**
स्थान- थाना मगोर्रा क्षेत्रान्तर्गत कमलपुरा नगला धाम के पास से, दिनांक 17.07.2025 व समय करीब 01.10 बजे।

**अभियुक्त योगेश उपरोक्त का आपराधिक इतिहास का विवरणः-**
1.मु0अ0सं0 269/2023 धारा 392,411 भादवि थाना महावन मथुरा।
2.मु0अ0सं0 196/2025 धारा 309(4),317(2) BNS थाना मगोर्रा मथुरा।

**अभियुक्त भूरा उपरोक्त का आपराधिक इतिहास का विवरणः-**
1.मु0अ0सं0 244/21 धारा 302,201 भादवि थाना मगोर्रा मथुरा।
2.मु0अ0सं0 114/23 धारा 302 भादवि थाना बरसाना मथुरा।
3.मु0अ0सं0 115/23 धारा 307 (पु0मु0),224 भादवि 3,25,27 आर्म्स एक्ट थाना बरसाना मथुरा।
4.मु0अ0सं0 106/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मगोर्रा मथुरा।
5.मु0अ0सं0 196/2025 धारा 309(4) BNS थाना मगोर्रा मथुरा।

**अभियुक्त योगेश उपरोक्त से बरामद माल का विवरणः-**
01 लाख 70 हजार रूपये।

**अभियुक्तगण को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-**
1.उ0नि0 अमर पाल तोमर थाना मगोर्रा जनपद मथुरा।
2.उ0नि0 रमेशचन्द पीआरवी 6691 थाना मगोर्रा मथुरा।
3.हे0का0 1665 अरूण कुमार थाना मगोर्रा जनपद मथुरा।
4.दिगम्बर सिंह पुत्र महाराज सिंह निवासी ग्राम नगला रतु थाना मगोर्रा जनपद मथुरा।
5.गौरीशंकर पुत्र महाराज सिंह निवासी ग्राम नगला रतु थाना मगोर्रा जनपद मथुरा।

